an>

Title: Need to repair the stretch of N.H. No.9 passing through Sangareddy in Medak district of Telangana.

श्री कोथा प्रभाकर रेड्डी (मेडक): उपाध्यक्ष महोदय, तेलंगाना में मेरा संसदीय क्षेत्र मेडक है। हैदराबाद सिटी से मुम्बई जाने के लिए नेशनल हाइवे नम्बर 65 इसमें आता है। यह हाइवे तेलंगाना में सबसे बड़ा है। हैदराबाद से 15 किलोमीटर दूर मेरा संसदीय क्षेत्र पड़ता है, वहां पर बीएचएल से लेकर संगारेड्डी तक दो विधान सभा क्षेत्र आते हैं। वहीं पर बी.ओ.टी. प्रोजेक्ट के अंदर प्रोग्रेसिव कंस्ट्रक्शन कम्पनी पिछले सात साल से बी.ओ.टी. के तहत रोड बनाई और उसका टोल वसूलने लगी। पिछले सात साल से यह कम्पनी टोल ले रही थी, लेकिन मेनटेनेंस के नाम पर इसने इस रोड पर कुछ नहीं किया। न तो वहां सर्विस रोड है, न ही लाइट की कोई व्यवस्था है, न ही ग्रीनरी मेनटेन की गई है, न ही ड्रेनेज सिस्टम सही है और न ही कोई एम्बुलेंस की व्यवस्था है। हम केन्द्र सरकार से सात साल से इस बात की शिकायत कर रहे हैं। लेकिन उस कांट्रेक्टर ने कोई ध्यान नहीं दिया और कोई मेनटेनेंस का काम नहीं किया। करीब तीन महीने पहले वह ठेकेदार टोल बूथ छोड़कर चला गया और रोड वैसे ही खराब हालत में है। इस रूट पर पुणे, शोलापुर, औरंगाबाद आदि शहर आते हैं। इसके अलावा दो संसदीय क्षेत्रों के जिला मुख्यालय भी इस रोड पर स्थित हैं। इसके अलावा यहां पर बी.एच.ई.एल., बी.डी.एल. डिफेंस आदि बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज हैं। पूरे तेलंगाना में यह 30 किलोमीटर का स्ट्रेच इंडस्ट्रियल हब है। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि वह इस नेशनल हाइवे को टेकओवर करके तुरंत वहां पर मेनटेनेंस के कार्य कराए।